भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
21.09.2020 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1688 का उत्तर

ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली

1688. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवतीः
श्री अदला प्रभाकर रेड्डीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारतीय रेल हेतु ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली की स्थापना करने के लिए ड्रोन और निन्जा मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) की अधिप्राप्ति की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस संबंध में कोई प्रायोगिक परियोजना प्रारंभ की गई है; और
(घ) यदि हां, तो ये ड्रोन और यूएवी जिन रेल मंडलों को आवंटित किए जा रहे हैं उनका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): जी हां। दक्षिण पूर्व रेलवे, मध्य रेलवे, आधुनिक सवारीडिब्बा कारखाना, रायबरेली और दक्षिण पश्चिम रेलवे में 31.87 लाख रु. की लागत पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अभी तक नौ ड्रोन खरीदे गए हैं, जिनका उपयोग रेलवे परिसरों की निगरानी के लिए किया जा रहा है।

****

Sk